# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत अगले वर्ष से निजी स्कूलों के बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी किताबे।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- आज महाअष्टमी के पर्व पर प्रदेश के देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं।
- महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप की आज से होगी शुरूआत। भारत–श्रीलंका के बीच गुवाहटी में होगा मुकाबला।

## मुख्यमंत्री – हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सभी वर्गों के हर चौथे बच्चे को निजी स्कूलों में पढ़ाने की फीस सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 72 किलोमीटर लम्बी आशापुर–हरदा सड़क निर्माण की घोषणा भी की। केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके सभी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम से लाभान्वित निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को अगले सत्र से पाठ्यपुस्तकें और बैग उपलब्ध कराए जाने का सरकार ने संकल्प लिया है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें महिलाएँ, बच्चे, किशोरी बालिकाएँ एवं अन्य लोग भी अपने स्वास्थ्य की जांच करायें तथा स्वास्थ्य रीवा विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करें। श्री शुक्ल कल शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस बीच प्रदेश में शिविरों का आयोजन जारी है। नर्मदापुरम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेहरागांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस में 72 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कटनी में कलेक्ट्रेट कार्यालय में 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिवपुरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल सर्किल जेल शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत किया गया। गुना में कल विभिन्न विद्यालयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर बालिकाओं की जांच के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

## सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में जानेंगे कि कैसे मोदी सरकार भारत के पहले मानवयुक्त गहरे समुद्र मिशन, समुद्रयान परियोजना के माध्यम से गहरे समुद्र अन्वेषण में देश को विश्व में अग्रणी बना रही है।

**वीओ–अतहर सईद**

पिछले कुछ वर्षों से भारत गहरे समुद्र अन्वेषण में गतिविधियों में तेजी से काम कर रहा है। इसी दिशा में 'समुद्रयान परियोजना' चलाई जा रही है, जो भारत का पहला मानवयुक्त गहरे समुद्र का मिशन है। यह मिशन 2021 में शुरू हुआ। इसका उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को बढ़ाना और समुद्री संसाधनों की खोज करना है। नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत ने फ्रांस के सहयोग से 'मत्स्य 6000' नाम का पनडुब्बी यान तैयार किया है। यह पनडुब्बी 6000 मीटर तक गहराई में जाकर खोज कर सकता है। इस पनडुब्बी ने इतिहास तब रचा जब इसमें भारतीय नौसेना के कमांडर जतिंदर पाल सिंह और राज रक्षे लगभग 5000 मीटर गहराई तक गए। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'राष्ट्रीय

गहरे पानी अन्वेषण मिशन' की घोषणा की थी। इस मिशन का उद्देश्य समुद्र में तेल, गैस और अन्य खनिज भंडारों की खोज करना है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 'समुद्रमंथन' नाम से चलने वाला यह मिशन भारत की ऊर्जा जरूरतों और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। देश को विकसित बनाने के लिए हम अब समुद्रमंथन की तरफ जा रहे हैं। हमारे समुद्र के मंथन को आगे बढ़ाते हुए, हम समुद्र के भीतर के तेल के भंडार, गैस के भंडार उसको खोजने की दिशा में एक मिशन मोड में काम करना चाहते हैं और इसलिए भारत ने नेशनल सी वाटर एक्सप्लेनेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। देश ऊर्जा इंडिपेंडेंट बनने के लिए यह हमारी महत्वपूर्ण घोषणा है। भारत ने गहरे समुद्र में खोज के लिए अपनी तकनीक भी तैयार की है। इसमें विशेष वाहन और दबाव–रोधी सामग्री बनाई गई है, जिनका सफल परीक्षण पहले से ही किया जा चुका है। समुद्र की गहराई में उतरकर भारत खनिज, समुद्री जीव–जंतु और ऊर्जा संसाधनों की खोज कर रहा है। इसके साथ ही भारत उन गिने–चुने देशों में शामिल हो रहा है, जिनके पास गहरे समुद्र में अनुसंधान करने की उन्नत तकनीक मौजूद है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं अतहर सईद।

## राष्ट्रपति– दुर्गा पूजा

आज महाअष्टमी का पर्व पूरे धार्मिक परंपराओं और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी को महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके उचित स्थान को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लेने को कहा। प्रदेश के सभी देवी मंदिरों में आज सुबह से विशेष पूजा अर्चना जारी है। आज मां महागौरी देवी की आराधना की जाती है। खंडवा में आज जिला कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश घोषित किया है। कटनी में मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल के दिशानिर्देशों के अनुसार मसुरहा घाट, कटाएघाट और अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

## जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट...

नए पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कृषि क्षेत्र में टैक्स में बड़ी कटौती की है। 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने कृषि मशीनरी पर भी जीएसटी को कम कर दिया है। नए कर ढांचे के अंतर्गत, हार्वेस्टिंग या थ्रेशिंग मशीन और कम्पोस्टिंग मशीन पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैक्स की ये कम दरें कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देंगी, जिससे किसानों का समय बचेगा, लागत कम होगी और फसल की पैदावार बढ़ेगी। मध्य प्रदेश के एक ट्रैक्टर शोरूम मालिक शिखर पगड़िया ने कहा कि टैक्स में इस कटौती से किसानों को सीधा फायदा हो रहा है। जीएसटी का अभी जो कर कम किया है। 12 परसेंट से 5 परसेंट हुआ है। 7 परसेंट का जो फायदा हुआ है यानी किसान को बीस हजार से लेकर 90 हजार तक की इसके अंदर छूट मिल रही है। उसका ये असर रहा है कि किसानों में इसके प्रति बहुत उत्साह है और उस हिसाब से किसान आ रहे हैं और रूचि ले रहे हैं। कृषि क्षेत्र में जीएसटी में यह बदलाव कृषि उपकरणों की लागत कम करेगा और छोटे और सीमांत किसानों के लिए उन्हें और भी किफायती बनाएगा। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार।

## सूर्यघर

सेवा पर्व के दौरान पश्चिम मध्यप्रदेश में हजारों उपभोक्ता पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े हैं। एक पखवाड़े के दौरान मालवा निमाड़ में 1000 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपने यहां रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाए हैं। अब तक 42 हजार स्थानों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। करीब 180 करोड़ रुपयों की सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इसके उपभोक्ताओं को बधाई दी है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रूफ टॉप सोलर से सबसे ज्यादा उपभोक्ता इंदौर शहर सीमा अंतर्गत कुल 21500 जुड़ चुके हैं।

## संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में कल नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की कार्यकारी सदस्य डॉ. विनीता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण इकोसिस्टम को मजबूत करने और कौशल विकास में नियमन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के कौशलों को प्रशिक्षण इकोसिस्टम में प्रभावी ढंग से शामिल करने पर भी विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## महिला विश्व कप–2025

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 की आज से शुरुआत हो रही है। आज पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में होगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिताब के 47 साल के इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेगी। महिला विश्व कप 50 ओवर के क्रिकेट टूर्नामेंट का 13वां संस्करण है जिसमें 8 टीमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान हिस्सा ले रही हैं।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी भोपाल के समरदीप सिंह गिल ने गोला फेंक में एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने रांची में कल 64वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो बार के एशियाई चैंपियन तजीन्दर पाल सिंह तूर को हराते हुए स्वर्ण पदक जीता।

- महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा जागरूकता के उद्देश्य से खंडवा पुलिस द्वारा "मैं हूँ अभिमन्यु" अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान के दौरान जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

- मौसम विभाग ने प्रदेश में दशहरे के बाद एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है। भोपाल, विदिशा सहित कुछ जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना है। कल सर्वाधिक बारिश सीहोर जिले में दर्ज की गई।

————————